आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 15.01.2025

मुख्य समाचारः–

1– उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बिलासपुर स्थित गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए–कहा कि विकास की राह में नक्सलवाद के लिए कोई जगह नहीं है।

2– शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने आज पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को किया गिरफ्तार।

3– प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन अट्ठारह जनवरी को किया जाएगा।

4– भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा आगामी सत्रह जनवरी को होगी।

उपराष्ट्रपति–दीक्षांत समारोह

बिलासपुर स्थित गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय का ग्यारहवां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने की।

समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अवसरों का केन्द्र बनता जा रहा है और इस परिवर्तन की वजह शिक्षा है। श्री धनखड़ ने कहा कि विकास की नींव समावेशिता में समाहित है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद राज्य के लोगों खासकर आदिवासी जनों के विकास में बड़ी बाधा रहा है और इससे आदिवासीजनों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में नक्सल समस्या के समाधान के लिए गंभीर प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विकास के रास्ते में नक्सलवाद के लिए कोई जगह नहीं है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने शिक्षा को आधुनिक युग की चुनौतियों और अवसरों के साथ जोड़ते हुए एक नई पहचान बनाई।

दीक्षांत समारोह में वर्ष दो हजार बाईस–तेईस और तेईस–चौबीस में विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक सौ सत्तर विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। इसके अलावा एक सौ बाईस विद्यार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। वहीं, दो छात्राओं को गुरू घासीदास पदक से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय परिसर में अपनी स्वर्गीय मां श्रीमती केसरी देवी की स्मृति में पौधारोपण भी किया।

थल सेना दिवस

सतहत्तरवां थल सेना दिवस आज गर्व और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने इस अवसर पर सैन्य कर्मियों और पूर्व सैनिकों को शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार विभिन्न सुधारों और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है तथा सशस्त्र बलों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

कवाखी लखमा–गिरफ्तार

शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने आज पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने आज पूछताछ के लिए दफ्तर बुलाया था। पूछताछ के बाद ईडी ने पूर्व मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने कवासी लखमा को आज कोर्ट में पेश किया, जहां अदालत ने कवासी लखमा को सात दिन की रिमांड पर ईडी को सौंप दिया है। अब ईडी आगामी इक्कीस जनवरी को कवासी लखमा को फिर से कोर्ट में पेश करेगी।

गौरतलब है कि शराब घोटाला मामले में अट्ठाईस दिसंबर को ईडी ने पूर्व मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा के ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की थी। छापेमार कार्रवाई में ईडी ने नगद लेनदेन के सबूत मिलने की जानकारी दी थी। शराब घोटाला मामले में ईडी एक आईएएस सहित चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

''स्वस्थ माता– तंदुरुस्त बच्चा'' अभियान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले के बगिया में आईआईटी बॉम्बे–जशपुर पोषण मिशन अंतर्गत ''स्वस्थ माता– तंदुरुस्त बच्चा'' अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि माताओं और बच्चों का उत्तम स्वास्थ्य प्रदेश की उन्नति और समृद्धि का आधार बनेगा।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जशपुर जिले में कुपोषण को पूरी तरह समाप्त करना और माताओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाना है। साथ ही गर्भवती माताओं, शिशुवती माताओं और छह वर्ष तक के बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने का लक्ष्य है। अभियान के तहत नौ हजार पांच सौ से अधिक स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आईआईटी बॉम्बे के माध्यम से पोषण संबंधी ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

निर्वाचक नामावली

प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन अट्ठारह जनवरी को किया जाएगा। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने दो अलग–अलग आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का प्रकाशन अट्ठारह जनवरी को किया जाएगा।

भाजपा–अध्यक्ष/कांग्रेस–जिलाध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा आगामी सत्रह जनवरी को होगी। इसके लिए कल सोलह जनवरी को शाम पांच से सात बजे तक नामांकन होगा। यह जानकारी प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पद का निर्वाचन सम्पन्न कराने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के प्रभारी विनोद तावड़े विशेष रूप से रायपुर आ रहे हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान, श्री तावड़े के साथ ही भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन और चुनाव पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल भी उपस्थित रहेंगे।

दूसरी ओर, कांग्रेस ने तीन जिलों में नये जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। इसमें मुंगेली, बस्तर ग्रामीण और रायगढ़ शामिल हैं। कांग्रेस ने बस्तर ग्रामीण में प्रेमशंकर शुक्ला, रायगढ़ ग्रामीण में नागेन्द्र नेगी और मुंगेली में धनश्याम वर्मा को जिलाध्यक्ष बनाया है।

कांग्रेस प्रदर्शन

कांग्रेस ने प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कथित कटौती के विरोध में आज विभिन्न जिला मुख्यालयों में धरना–प्रदर्शन किया। रायपुर में शहर कांग्रेस कमेटी ने सुभाष स्टेडियम के सामने फायर ब्रिगेड चौक में धरना प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री–वयोवृद्ध दिवस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल जशपुर जिले के पगुराबहार गांव में आयोजित नौवें सशस्त्र सेना वयोवृद्ध दिवस पर सेना के वीर जवानों के साहस और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने उन्नीस सौ इकहत्तर के भारत–पाकिस्तान युद्ध में अपनी वीरता का प्रदर्शन कर राष्ट्रपति द्वारा सेना मेडल से सम्मानित भागलपुर निवासी इक्यासी वर्षीय अरुण कुमार का सम्मान किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जिले के तीन शहीद सेनानियों के परिवारों को भी सम्मानित किया। इनमें शहीद सिपाही शिमोन केरकेट्टा, शहीद राजेश बारा और शहीद अशोक राम भगत के परिजन शामिल थे।

माआवोदी–आत्मसमर्पण

नारायणपुर जिले में चार इनामी माआवोदियों ने आज आत्मसमर्पण किया है। इन सभी माओवादियों पर बत्तीस लाख रूपए से अधिक का इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोबिनसन गुड़िया के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित माओवादी नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा और उनसे लगे जिलों में तथा सीमावर्ती इलाकों में ताड़मेटला मुठभेड़ सहित विभिन्न माओवादी घटनाओं में शामिल रहे हैं। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया।

इधर, कोंडागांव जिले के पुंगारपाल थाना अंतर्गत सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार बरामद किया है। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम सर्चिंग अभियान पर निकली थी। इसी दौरान ग्राम तुमड़ीवाल के जंगल से चौदह भरमार बंदूक, चौदह टिफिन बम, दो कुकर, माओवादी साहित्य और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गई हैं।

कैश कलेक्शन वाहन–लूट

जांजगीर–चांपा जिले के खोखरा गांव स्थित शराब दुकान पर कैश कलेक्शन के लिए पहुंचे गनमैन को अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मारकर घायल कर दिया और वाहन में रखे अठहत्तर लाख इकतालीस हजार रुपये लूट कर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल गनमैन को पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, फिर उसे बिलासपुर रेफर किया गया है। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने बताया कि आरोपियों की पतासाजी के लिए सात अलग–अलग टीमें गठित की गई हैं। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

– भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कल सोलह जनवरी को रायपुर के बैरन बाजार स्थित प्रशासनिक कार्यालय में स्कूली छात्राओं को सायकिल और मध्यम तथा निम्न मध्यम वर्ग हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए जाएंगे।

– भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान बरौंडा रायपुर में कल नवनिर्मित आवासीय परिसर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक और उपमहानिदेशक डॉ. टी. आर. शर्मा उपस्थित थे।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>